रफ्तार पकड़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली | एजेंसी

सर्वे

- भारतीय अर्थव्यवस्था का अगले 12 महीनों में बेहतर प्रदर्शन रहेगा
- आर्थिक वृद्धि को लेकर भारतीय सीइओ ज्यादा आशान्वित

कोरोना वायरस महामारी और वैश्विक स्तर पर अड़चनों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अगले 12 माह के दौरान रफ्तार पकड़ेगी। पीडब्ल्यूसी के वार्षिक वैश्विक सीईओ सर्वे में यह निष्कर्ष निकाला गया है। इस सर्वे में दुनिया के 89 देशों के 4,446 मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के विचार लिए गए। इनमें से 77 सीईओ भारत से हैं। यह सर्वे अक्टूबर-नवंबर 2021 के दौरान किया गया।

सोमवार को जारी इस सर्वे के अनुसार, कई तरह की अड़चनों, विशेषकर महामारी की वजह से आने वाली बाधाओं के बावजूद भारतीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आगामी वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत वृद्धि को लेकर आशान्वित हैं। सर्वे में शामिल 99 फीसदी भारतीय सीईओ का मानना है कि अगले 12 महीनों में आर्थिक वृद्धि दर में सुधार होगा। 94 फीसदी भारतीय मुख्य कार्यकारी मानते हैं कि अगले एक साल में वैश्विक वृद्धि दर भी सुधरेगी। वहीं, ऐसा मानने वाले वैश्विक मुख्य कार्यकारियों की संख्या 77 फीसदी है। जहां तक अपनी संबंधित कंपनियों की आमदनी का सवाल है तो 98 फीसदी सीईओ ने इसमें वृद्धि की उम्मीद जताई।

सर्वे में शामिल वैश्विक सीईओ आर्थिक वृद्धि को लेकर पिछले साल जितने ही आशान्वित हैं। लेकिन वृद्धि को लेकर भारतीय मुख्य कार्यकारी अधिकारियों का भरोसा बढ़ा है।

उल्लेखनीय है कि कोरोना काल के चलते लोगों को इस दौरान काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा, इस दौरान उद्योग धंधों को जो नुकसान उठाना पड़ा था लेकिन अब उद्योग धंधे रफ्तार पकड़ रहे हैं।